Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up regional office of Agricultural & Processed Food Products Export Development Authority (APEDA) in Anand, Gujarat.

श्री मितेष पटेल (बकाभाई) (आनंद) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र आनंद की ओर से आपका आभार प्रकट करता हूं। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण, जिसे एपीडा भी कहते हैं, भारत सरकार द्वारा इसकी स्थापना दिसंबर, 1985 में की गई थी। एपीडा नई दिल्ली स्थित प्रधान कार्यालय, 5 क्षेत्रीय कार्यालय, मुंबई, कोलकाता, बंगलौर, हैदराबाद, गुवाहाटी और 13 आभासी कार्यालयों के द्वारा कृषि निर्यात समुदाय को सेवाएं प्रदान करता रहा है। लेकिन गुजरात जैसे कृषि प्रसंस्कृत उत्पादों के निर्यात में अग्रणी भूमिका निभाने वाले प्रदेश में एक भी क्षेत्रीय कार्यालय नहीं है।

एपीडा अनुसूचित उत्पादों के निर्यातकों के रूप में व्यक्तियों का पंजीकरण सह सदस्यता प्रमाण पत्र (आरसीएमसी) निर्धारित शुल्क के भुगतान पर जारी करती है। यह सर्वविदित है कि मेरा संसदीय क्षेत्र आनंद, जहां बहुत बड़ी अमूल डेयरी भी है, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात में हमेशा अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहा है। यदि एपीडा का क्षेत्रीय कार्यालय आनंद में भी संचालित होने लगे, तो पूरे गुजरात के किसान एवं निर्यातकों के हितों के दृष्टिगत बड़ी सुविधा स्थानीय तौर पर उपलब्ध हो जाएगी, जो अनुसूचित उत्पादों के निर्यातकों में वृद्धि के साथ ही किसानों को आर्थिक रूप से अभूतपूर्व संबल प्रदान करने में मददगार साबित होगा।...(व्यवधान)

मैं इस सदन के माध्यम से वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (भारत सरकार) से यह मांग है कि वह एपीडा का क्षेत्रीय कार्यालय गुजरात के आनंद जिले सह मेरे संसदीय क्षेत्र में संचालित करने हेतु संबंधित प्राधिकरण को निर्देशित करने की कृपा करें।

माननीय अध्यक्ष :

श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल को श्री मितेश पटेल (बकाभाई) द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।